छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

जनवरी-फरवरी 2022 ▪ वर्ष-19 ▪ अंक-01

# संकल्प




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च पर विशेष

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2022 ■ वर्ष-19 ■ अंक-01

## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद** (IAS)
अध्यक्ष



**श्री एन.के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक (जनरेशन)




**श्री राजेश वर्मा**
प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग)



**श्री हर्ष गौतम**
प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन)



**श्रीमती उज्जवला बघेल**
प्रबंध निदेशक (होल्डिंग)



**श्री एस.डी. तेलंग**
प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन)

**संपादक**

**गोविन्द पटेल,** प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह सम्पादक : **अनामिका मण्डावी** ■ छाया : **संजय टेम्बे** ■ सहयोग : **प्रसन्न दुबे**

**फोन : 0771-2574702**

e-mail : procsphcl@gmail.com



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | जनवरी 2022 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2984.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1624.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 125 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 13422 सर्किट कि.मी. |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1331 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 23417 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 200415 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 123958 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 211166 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39529 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्राविधिक) | 73369 | 485195 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1739101 |



# कठिन चुनौतियों में भी कर्तव्यपथ पर निरंतर आगे बढ़ रहे विद्युतकर्मी- श्री अंकित आनंद

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय डगनिया में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.)ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मुख्य आयोजन संक्षिप्त रूप से किया गया। सेवाभवन परिसर में आयोजित समारोह में श्री अंकित आनंद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर 40 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल योजना से 2103 करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है। कोरोना संक्रमण काल के इस दौर में कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए विद्युत कर्मी अपने कर्तव्यपथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। पॉवर कंपनी को जीरो पॉवर कट स्टेट के रूप में जो ख्याति मिली हुई है वह लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में मिनी माता हसदेव बांगो जल विद्युत गृह माचाडोली ने 419.18 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया, यह छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद का सर्वकालिक अधिकतम उत्पादन का कीर्तिमान है।

प्रदेश में उपलब्ध बिजली को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए पॉवर ट्रांसमिशन कपंनी लगातार अपनी क्षमता में वृद्धि कर रही है। बीते तीन वर्षों में प्रदेश की पारेषण क्षमता 17 हजार 664 से बढ़कर 20 हजार 882 एमवीए हो चुकी है।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के माध्यम से प्रदेश में रीवैम्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम को लागू कर दिया गया है। यह योजना पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इसके लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है। प्रदेश में इसकी लागत 9690 करोड़ रूपए अनुमानित है। इस योजना से स्मार्ट मीटर की स्थापना तथा लाइन लास में कमी लाने व नवीनीकरण कार्य हेतु भी अधोसंचरना विकसित की जाएगी। समारोह में प्रबंध निदेशक होल्डिंग कंपनी श्रीमती उज्ज्वला बघेल, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के बिजौरा, ट्रेडिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश वर्मा, वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम, ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.डी. तेलंग सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमाण्डर श्री ए. श्रीनिवास राव के नेतृत्व में प्रभुशरण. सिंह एवं बैन्ड दल के ताराचंद बेन ने परेड की प्रस्तुति दी। समारोह का संचालन प्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री गोविंद पटेल ने किया।







# विद्युत विकास की झलक देखने प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़

राज्य शासन के तीन वर्षीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन साईंस कालेज मैदान में 03 से 06 फरवरी तक किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर ऊर्जा विभाग संग छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनीज व्दारा आकर्षक मंडप तैयार किया गया। इसमें प्रदेश में विद्युत से हो रहे विकास को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जो कि उपभोक्ताओं के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। विद्युत विभाग के मंडप में बिजली उत्पादन, पारेषण एवं वितरण की प्रक्रिया को जनसामान्य को सरलता से समझाने के लिए माडल का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया गया।

मण्डप में आम लोगों को विशेषकर ग्रामीणजन एवं कृषकों के लिये चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सोलर रूफटॉप योजना एवं उसके फायदे, कृषि विकास हेतु प्रदेश में संचालित योजनाओं की जानकारी आकर्षक पाम्पलेट, पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किये गये। प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को दी जा रही सुविधायें यथा बिजली बिल हाफ योजना, केन्द्रीकृत विद्युत कॉल सेन्टर,मीटर रीडिंग सूचना सेवा, ई-संपर्क सेवा, ई-मेल सेवा, विद्युत भुगतान सुविधा, ऑनलाइन उपभोक्ता सेवाएं, नया विद्युत कनेक्शन, मोर बिजली ऐप इत्यादि की जानकारी ब्रोशर एवं पाम्पलेट के माध्यम से आगंतुकों को दी गई।

पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री अंकित आनंद एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने भी मंडप का अवलोकन किया। उन्होंने शासन एवं कंपनी की विभिन्न योजनाओं को आमजन के लिए सहज ढंग से प्रस्तुत करने पर बधाई दी। प्रदर्शन मण्डप के निर्माण में अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा, श्री अश्वनी गोपेवार एवं कार्यपालन अभियंता श्री डी.के. सैनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





# एक घंटी में लग जाएगा बिजली का नया कनेक्शन
# 74040-40625 नंबर पर करना होगा मिस्ड कॉल

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने नए बिजली कनेक्शन लेने में सुविधा के लिये मिस्ड काल नंबर जारी कर दिया है। मोबाइल नंबर 74040-40625 पर मिस्ड कॉल सुविधा 1 मार्च से शुरू कर दी है। इसके जरिये आनलाइन बिजली कनेक्शन लेने में परेशानी महसूस कर रहे उपभोक्ता मिस्ड काल करके नए कनेक्शन के लिये आवेदन कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने बताया कि प्रबंधन ने ऑनलाइन नए बिजली कनेक्शन के लिए प्रावधान किये हैं, जिसमें उपभोक्ता को बिजली दफ्तर जाए बिना ही आवेदन की सुविधा मिलेगी। इंटरनेट पर ऑनलाइन तथा मोर बिजली एप के जरिए अपने मोबाइल से उपभोक्ता आवेदन कर सकेंगे। जिन उपभोक्ताओं को ऑनलाइन आवेदन करने में किसी तरह की समस्या होगी, वे 74040-40625 पर मिस्ड कॉल करके लाभ ले सकेंगे। मिस्ड कॉल करने पर विभाग के कॉल सेंटर के आपरेटर व्दारा फोन से संपर्क कर उपभोक्ता से जानकारी जाएगी और उसका आनलाइन फार्म आपरेटर व्दारा भरा जावेगा। ग्रामीण क्षेत्र के वे उपभोक्ता जो इंटरनेट नहीं चला पाते, अब वे भी मिस्डकाल के जरिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इस नंबर को उपभोक्ता आसानी से याद रख सकें। इसके लिये विशेष नंबर लिया गया है। सप्ताह के सात दिन से पहला अंक 7 फिर 40-40-40 फिर 625 अंक डायल कर यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा 24 घंटे तथा अवकाश के दिन भी चालू रहेगी। मिस्ड कॉल दर्ज होने के बाद तुरंत कॉल सेंटर के आपरेटर उपभोक्ता को फोन करके नए आवेदन की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

डिमांड राशि भुगतान के बाद नए कनेक्शन देने के लिए शहरी क्षेत्र में तीन दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में पांच दिन का समय तय किया गया है। उपभोक्ता व्दारा आवेदन की औपचारिकता पूरी करने के बाद तत्काल मोबाइल पर एसएमएस के जरिए डिमांड राशि की जानकारी भेजी जाएगी, जिसका भुगतान वह शीघ्र कर सकेगा।

नए बिजली कनेक्शन के त्वरित निदान के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी एनर्जी इंफो-टेक सेंटर (ईआईटीसी) के अधीक्षण अभियंता श्री श्री आरपी नामदेव 0771 2574126 से विद्युत कनेक्शनों के त्वरित निपटान हेतु संपर्क किया जा सकता है।



# मुख्य अभियंताद्वय कुलकर्णी एवं गुप्ता को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में मुख्य अभियन्ताद्वय (भंडार एवं क्रय-उत्पादन) श्री ए.वी. कुलकर्णी एवं (परियोजना-वितरण कंपनी) श्री विकास कुमार गुप्ता को सेवानिवृत्ति पश्चात् भावभीनी विदाई दी गई। पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने उन्हें सेवानिवृत्ति के पश्चात् दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं दी। उन्हें पॉवर कंपनी की ओर से प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की शुभकामनाएं दी। पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित समारोह में चेयरमेन श्री आनंद ने कहा कि सेवा यात्रा के दौरान मिली जिम्मेदारियों का श्री कुलकर्णी एवं श्री गुप्ता ने बखूबी निर्वहन किया। कंपनी हित में उन्हें जो लक्ष्य दिये गए उसे अपनी बेहतर कार्यशैली से हासिल किया और अच्छी कार्यसंस्कृति विकसित की। इस अवसर पर श्री कुलकर्णी एवं श्री गुप्ता ने अपने अनुभव साझा किये। दोनों अधिकारियों ने अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशकगण श्री हर्ष गौतम (वितरण), श्री राजेश वर्मा (ट्रेडिंग) एवं श्री एस. डी. तेलंग (ट्रांसमिशन) सहित कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे। संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।

## होल्डिंग कंपनी में शरपा को दी गई विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग के अनुभाग अधिकारी श्री ईश्वर प्रसाद शरपा को विदाई दी। इसमें कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनोज कुमार खरे एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर (रिटा.) श्री ए. श्रीनिवास राव ने विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने श्री शरपा को सेवानिवृत्ति के पश्चात् नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी। संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती अनामिका मंडावी ने किया। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक श्री विनोद अग्रवाल, श्रीमती अल्पना शरत तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# कार्यपालक निदेशक श्री सत्संगी की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई


छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री ए.के. सत्संगी को सेवानिवृत्ति पश्चात् पॉवर कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंध निदेशक (उत्पादन) श्री एन.के.बिजौरा, प्रबंध निदेशक (वितरण) श्री हर्ष गौतम, प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग) श्री राजेश वर्मा एवं प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री एस. डी. तेलंग ने उन्हें प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित अन्य उच्चाधिकारियों ने सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक को मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी। विदाई कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक श्री बिजौरा ने कहा कि सौम्य एवं सरल स्वभाव के धनी श्री सत्संगी ने सेवा यात्रा के दौरान मिली जिम्मेदारियों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया। उनके द्वारा अपनाई गई कार्यसंस्कृति सभी कार्यरत अभियंताओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगी। इस अवसर पर श्री सत्संगी ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।



# विदेश में बैठे छत्तीसगढ़ियों को भाया मोर बिजली एप

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का उपभोक्ता हितैषी मोबाइल एप मोर बिजली एप्लीकेशन अब विदेशों में रह रहे प्रवासी छत्तीसगढ़ियों के लिए भी मददगार साबित हो रहा है। विदेशों में रह रहे 36 सौ 13 लोगों ने अब तक इस एप को डाउनलोड किया है। इस एप पर लोगों के विश्वास को इस बात से भी समझा जा सकता है कि जहाँ देश भर में लगभग नौ लाख लोगों ने इसे डाउनलोड किया है वहीं 26 अन्य देशों में भी इसे डाउनलोड कर इसकी सेवाएं ली जा रही हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने बताया कि इस एप्लीकेशन के जरिए आम बिजली उपभोक्ता लाभांवित हुए हैं जिससे एप के डाउनलोड में लगातार वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ( यूएसए) में 573, ब्रिटेन में 74, सिंगापुर में 185, सउदी अरब में 120, इंडोनेशिया में 70, संयुक्त अरब अमीरात में 137, नेपाल में 80 डाउनलोड सहित 26 देशों में 36 सौ 13 डाउनलोड किया गया है। उन्होंने बताया कि मोर बिजली एप ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 16 से अधिक सेवाओं को एक ऑनलाईन प्लेटफार्म पर लाकर अधिक सुलभ और सुविधाजनक बना दिया है। इस एप के जरिए विदेश में बैठे प्रवासी छत्तीसगढ़ी, छत्तीसगढ़ स्थित अपने घरों की बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान कर लेते हैं। आमजन में लोकप्रिय इस एप को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाओं के आधार पर गूगल ने इसे 4.4 स्टार दिया है जो उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप होने का प्रमाण है।




मोर बिजली एप के माध्यम से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के निम्न दाब उपभोक्ताओं को कई सहूलियतें प्राप्त हुई हैं। एप के जरिए बिजली बिल देखने से लेकर बिल भुगतान, नया कनेक्शन , मीटर रीडिंग भेजना, बिजली संबंधी शिकायत, बिल भुगतान विवरण , बिजली भार में बदलाव सहित 16 से अधिक सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं। बिजली बंद होने की शिकायत अब मोर बिजली एप में दर्ज होने से बिजली सुधार कार्य अब कम समय में ही पूर्ण हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मोर बिजली एप से बिजली बंद की शिकायत सीधे रीयल टाइम में सुधार केन्द्र के कंप्यूटर में दिखने लगती है। जिससे सुधार कर्मी को सुधार हेतु सीधे भेज देने से बिजली बंद की शिकायत अब कम समय में ही अटैंड होने लगी है। इसका लाभ यह भी है कि उपभोक्ता को अब काल सेंटर या फ्यूज कॉल ऑफिस में फोन करने की जरूरत नहीं होती है।



# एमडी श्री बिजौरा ने किया विद्युत संयंत्रों का निरीक्षण

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके. बिजौरा अपने चार दिवसीय प्रवास के दौरान कोरबा व जांजगीर-चांपा के विद्युत संयत्रों का निरीक्षण किया। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा की आगुवाई करते हुए मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने उनका स्वागत किया। इस दौरान रायपुर से सिविल के मुख्य अभियंता श्री एसएस टिकरिहा भी उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता श्री कोसरिया एंव सिविल के अधिकारियों के साथ प्रबंध निदेशक श्री बिजौरा शाम पांच बजे राखड़ बांध का निरीक्षण करने पहुंचे। राखड़ बांध की स्थिति पर संतोष जाहिर करते हुए प्रबंध निदेशक ने फ्लाईऐश की खपत बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल के अधीक्षण अभियंता श्री संजय कापसे, श्री संजय तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत उपभोक्ताओं को अब बड़े बिलों से राहत

मीटर रीडिंग के कार्य में मानवीय त्रुटि होने की संभावना रहती है जिससे अनावश्यक रूप से बड़ी रकम का बिल उपभोक्ता को मिलने से जहां असंतोष की स्थिति बनती है, वहीं उपभोक्ता एवं विभाग दोनों का ही समय, श्रम बिल सुधार में लगता है। इसका तकनीकी निदान निकल आया है। अब प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अधिक राशि के बिल नहीं मिलेंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने बताया कि फोटो बिलिंग साफ्टवेयर में ही तकनीकी निदान किया गया है, जिससे बीते वर्ष के अधिकतम बिल राशि के दोगुनों से अधिक का बिल साफ्टवेयर बनने ही नहीं देगा। उदाहरण के तौर पर यदि बिल राशि दो हजार रुपए था तो साफ्टवेयर चार हजार रुपए से अधिक का बिल राशि को बनने से ही रोक देगा और उपभोक्ता को बिलिंग सीधे मौके पर नहीं होगी। एकमुश्त संग्रहित खपत अथवा गलत रीडिंग के कारण अत्यधिक बिल बनने की आशंका रहती है ऐसे बिल अब नहीं बनेंगे, जिससे उपभोक्ता को अत्यधिक राशि का बिल भी नहीं मिलेगा। ऐसे प्रकरणों पर जहां पर साफ्टवेयर बिल बनने से रोक देगा, वहां विभाग के अधिकारी जांच कर वास्तविक देय बिल जारी कर सकेंगे। वस्तुतः ऐसे प्रकरणों पर अभी बिल जारी होने के बाद बिल सुधार की कार्रवाही शिविर लगाकर की जाती है, जिसकी अब आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। वरन् उपभोक्ता को बिल जारी करने के पूर्व ही पूर्ण जांच कर सही बिल उपभोक्ता को जारी होने से उपभोक्ता संतोष में वृद्धि होगी। यह नयी व्यवस्था 1 मार्च 2022 से लिये जाने वाले मीटर रीडिंग से लागू की जा रही है।



प्रबंधन व्दारा उपरोक्त के अतिरिक्त व्यापक उपाय किये गए हैं, जिनमें नवीन मीटर रीडर योजना लागू की गई है, जिसके तहत ठेका पद्धति को बंद करके 4800 युवाओं को रोजगार दिया गया है। उनसे सीधे अनुबंध करके मीटर रीडिंग का कार्य दिया गया है। उन्हें ऐसा साफ्टवेयर उपलब्ध कराया गया है, जिसमें उपभोक्ता के परिसर से ही मीटर की फोटो खींचकर रीडिंग अपलोड करना संभव होगा। कहीं दूसरे स्थान पर बैठकर रीडिंग अपलोड नहीं किया जा सकेगा। साथ ही मीटर रीडर उपभोक्ता के बीते वर्ष के देय अधिकतम राशि से दोगुने से अधिक का बिल उपभोक्ता को प्रदान नहीं कर पाएगा। राजस्व प्रबंधन में यह नई व्यवस्था उपभोक्ता एवं विभाग दोनों के लिए लाभदायी होगी।

## संदेश

# विद्युत महिला कर्मी संस्था के लिए पूंजी



**श्रीमती उज्जवला बघेल**
प्रबंध निदेशक (होल्डिंग)

संसार की उत्पत्ति में नर और नारी का सृजन, संसार के संतुलन हेतु आवश्यक है। प्रकृति ने स्वयं इस संसार का निर्माण इस तरह से किया है कि नर और नारी की शारीरिक बनावट और बौद्धिक क्षमता व प्रवृत्ति विशिष्ट कार्य के अनुरूप है। दोनों के कुछ पृथक दायित्व निर्धारित है ।

सांसारिक जीवन में नारी की भूमिका अतुलनीय है। परिवार, समाज व राष्ट्र के निर्माण पथ मे नारी पृथक नहीं, पथिक है। गृहस्थ जीवन में नारी ने विभिन्न रूप को निभाते हुये जीवन को सुखमय व सुविधाजनक बनाने में मानव विकास में महती भूमिका निभायी है । वह समय और था जब महिलाएं ".... की पत्नी" या ".... की माँ" के रूप में ही जानी जाती थी ।

समय बदलने पर महिलाओं ने आवश्यकता अनुसार अपना स्वरूप बदला है जहां पहले वह केवल घरेलू महिला थी अब वह बाहर जैसे आफिस, दुकान, फैक्ट्री, यहां तक की सेना की महती जिम्मेदारी भी संभाल रही है। पुरूष के साथ कंधे से कंधे मिलाकर वह हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। हालांकि महिलाओं की कुल भागीदारी अभी भी न्यून ही है पर अब संभावनाओं का आसमान खुल गया है । वातावरण चाहे पारिवारिक हो या सामाजिक, बदल गया है ।

मुझे गर्व है कि मेरी संस्था छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज महिला हितैषी है। हमारी संस्था में महिला संबंधी सभी अधिकार, नियमों का पालन किया जाता है व महिला उत्पीड़न के निराकरण के लिये समिति का गठन भी किया गया है । यह अनुकूल व भयमुक्त वातावरण का प्रतीक है । कार्यक्षेत्र मे हमारी महिला अभियंता, महिला प्रशासनिक स्टॉफ, सर्किल स्टॉफ, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी स्टॉफ को अनुकूल वातावरण प्रदान करने हेतु कंपनी प्रबंधन निरंतर प्रयासरत हैं।

वैश्विक महामारी व लॉकडाउन के दौरान हमारी महिला कर्मी अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाने में सक्षम रही हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ कार्यालयीन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हुई महिला कर्मियों ने यह सिद्ध कर दिया कि वे विपरीत परिस्थितियों में भी दायित्व का निर्वहन बखूबी निभा सकती है ।

विश्व महिला दिवस पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सभी महिला कर्मियों को मैं बधाई व शुभकामनाएं देती हूं, पॉवर कंपनी के सुचारू संचालन में आपका योगदान प्रशंसनीय व उल्लेखनीय है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आप सभी के प्रयासों से हमारी संस्था जन-जन तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने में अग्रणी रहेंगी ।

# परिचयावली

## श्रीमती ज्योति नंनोरे

मुख्य अभियंता (भंडार एवं क्रय)



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में मुख्य अभियंता (भण्डार एवं क्रय) के पद पर सेवारत श्रीमती ज्योति नंनोरे का जन्म 29 जुलाई 1963 को जबलपुर में हुआ। अपनी माता श्रीमती गायत्री पवार एवं पिता श्री शिवशंकर पवार से जीवन में प्रगति करने की प्रेरणा लेते हुए आपने वर्ष 1980 में केन्द्रीय विद्यालय जबलपुर से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उर्त्तीण की। उसके उपरांत वर्ष 1984 में शासकीय अभियांत्रिकीय महाविद्यालय जबलपुर से स्नातक किया।

शिक्षा की पूर्णता के उपरांत आपने अपने कैरियर का प्रारंभ वर्ष 1984 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में स्नातक (प्रशिक्षु) के रूप में किया। आगे वर्ष 1985 में आपको सहायक अभियंता के पद पर उज्जैन में पदस्थ किया गया। इस पद पर आपने जबलपुर, दुर्ग एवं भिलाई में भी अपनी सेवायें दी।

सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2005 में आपको कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और दुर्ग एवं भिलाई में सेवाएं दी। वर्ष 2011 में अधीक्षण अभियंता एवं वर्ष 2019 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और आपकी पदस्थापना मुख्यालय रायपुर में योजना एवं परियोजना तथा राजस्व विभाग में की गई।

आपकी कर्त्तव्यनिष्ठता का बेहतर प्रतिफल आगे वर्ष 2021 में आपको मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति के रूप में प्राप्त हुआ और आपकी पदस्थापना मुख्य अभियंता (भण्डार एवं क्रय) रायपुर में की गई। पॉवर वितरण कंपनी अधीनस्थ एम.टी.आर.यू. भिलाई में पदस्थ रहते हुए वितरण ट्रांसफार्मर के सुधार तथा पॉवर ट्रांसफार्मर के रेनोवेशन में महत्वपूर्ण भूमिका हेतु वर्ष 2008 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया गया तथा अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों एवं उससे सम्बद्ध लाईनों के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया एवं क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य हेतु वर्ष 2018 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भी पुरस्कृत होने का गौरव आपको प्राप्त हुआ।

अपने कार्यों के अलावा आपकी अभिरूचि किताबों का अध्ययन, देश-विदेश की यात्राएं करने में भी है। आपने अमेरिका, कनाडा, यूरोप, साउथ ईस्ट एशिया की यात्रायें की है। लगभग 37 वर्षों की सेवायात्रा में पारेषण तथा वितरण कंपनियों में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निवर्हन किया है।

## श्रीमती सरोज तिवारी

मुख्य अभियंता (एचटी-विजिलेंस)



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में मुख्य अभियंता (एचटी-विजिलेंस) के पद पर गुढ़ियारी रायपुर में पदस्थ श्रीमती सरोज तिवारी का जन्म 18 अप्रेल 1963 को कैमोर (मध्यप्रदेश) में हुआ। अपनी माता स्व0 जानकी देवी मिश्रा एवं पिता स्व0 शिव बिहारी मिश्रा से सुसंस्कारों के साथ उत्तरोत्तर प्रगति करने की प्रेरणा आपको मिली। आपने वर्ष 1979 मे एम.एल.बी. स्कूल से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बी.ई. की उपाधि वर्ष 1984 में प्राप्त किया।

शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् आपने अपने कैरियर का प्रारंभ वर्ष 1987 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल जबलपुर से स्नातक प्रशिक्षु के रूप में किया। वर्ष 1988 में आपको सहायक अभियंता के नियमित पद पर मुख्य अभियंता (भण्डार एवं क्रय) कार्यालय जबलपुर में पदस्थ किया गया। वर्ष 1999 में आपको अतिरिक्त कार्यपालन अभियंता, वर्ष 2007 में कार्यपालन अभियंता के पद पदोन्नति प्राप्त हुईं। इन पदों पर आपने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर एवं अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) कार्यालय दुर्ग में अपनी सेवायें दी।

अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निवर्हन करते हुये वर्ष 2014 में आपको अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और आपकी पदस्थापना कार्यपालक निदेशक (संचा-संधा) रायपुर के कार्यालय में की गई। इसी क्रम में आगे आपने वितरण कंपनी के (मानव संसाधन) कार्यालय में उपमहाप्रबंधक के पद पर पदस्थ रहते हुए महती जिम्मेदारियों का निवर्हन किया।

आपकी कर्त्तव्यनिष्ठता का बेहतर प्रतिफल आगे वर्ष 2020 में आपको अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति के रूप में प्राप्त हुआ और आपकी पदस्थापना कार्यपालक निदेशक (आर एण्ड पीएम) रायपुर कार्यालय में की गई । आगे वर्ष 2021 में आपको मुख्य अभियंता के शीर्ष पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई एवं आपको (एचटी- विजिलेंस) विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। लगभग 35 वर्षों की सेवायात्रा को पूर्ण करते हुए आपके द्वारा विभिन्न पदों पर पदस्थ रहते हुए पद की औचित्यता को सार्थक करते हुए पूर्ण ईमानदारी एवं दक्षता के साथ कार्य संपादित किये गये हैं। सामाजिक कार्यों सहित अध्यात्म में भी आपकी विशेष अभिरूचि है।

# रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिले तो निखरती है प्रतिभा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका "संकल्प" के वर्तमान संस्करण, महिलाओं/महिला कर्मियों की उपलब्धियों एवं रचनात्मकता को समर्पित किया गया है। यह समस्त महिला वर्ग एवं समाज के लिये सामयिक एवं प्रशंसनीय पहल है। रचनात्मकता एवं सृजनशीलता का स्वरूप है जो समाज एवं राष्ट्र के उत्थान हेतु एक अति आवश्यक घटक है। रचनात्मकता, व्यक्ति एवं समूह को किसी भी परिस्थिति में उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्कृष्ट उपयोग से लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरित करती है और निराशा, असफलता को हावी होने से बचाती है। यदि बच्चों की रचनात्मकता को बचपन से ही प्रोत्साहन मिले तो वे अपनी प्रतिभा में निखार लाकर, संबंधित क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।



**डॉ. अल्पना शरत तिवारी**
उप महाप्रबंधक (मा.सं.)-एक


कक्षा चौथी में स्कूल की ड्राईंग प्रतियोगिता में "रेल्वे स्टेशन का दृश्य" विषय पर मेरी चित्रकारी को स्कूल में पूरे प्राथमिक स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। उसके बाद स्कूल के सीनियर्स की फिजिक्स, केमेस्ट्री एवं बायोलॉजी के प्रैक्टिकल फाईल के चित्र (डायग्राम) बनाने का अवसर मिला, इस प्रकार मुझे स्कूल के सीनियर्स का सहयोग व चित्र बनाते हुए उक्त विषय का ज्ञान होने लगा। छोटी आयु में मेरी माँ के प्रोत्साहन से मुझे पेंटिंग, सीखने का अवसर मिला। तदोपरांत लगातार स्कूल में, कॉलेज, इंटर कॉलेज में, जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए।

आज मुड़ कर पीछे देखने से लगता है कि तत्समय उन पुरस्कारों से पहचान, प्रोत्साहन के साथ मैंने जिन्दगी का एक फलसफा सीखा कि- हर परिस्थिति में अपने चारों तरफ सुंदरता देखना। चित्रकला मन की भावना प्रकट करने का अवसर देती है जिससे तनाव उत्पन्न नहीं होता और कार्यक्षेत्र व निजी जीवन में सामंजस्य स्थापित करने में मदद मिलती है। हर परिस्थिति में जीवन के कैनवास को खुशी, प्रेम, आदर, सहिष्णुता के विभिन्न रंगों से सजाने का अवसर मिलता है। आज भी अपनी कॉलोनी के बच्चों हेतु निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कैम्प आयोजित कर उनकी रचनात्मकता एवं छुपी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास जारी है।

संकल्प के इस विशेष संस्करण के साथ पूरी उम्मीद है कि हम सभी अपनी रचनात्मकता को पुनः जागृत कर अपनी पॉवर कंपनी के लिए सफलता के नये आयाम स्थापित करेंगे।

# भयमुक्त वातावरण से बढ़ती है कार्यक्षमता

कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, महिलाओं के जीवन, सुरक्षा एवं समानता जैसे मौलिक अधिकारों का हनन है। जिसके फलस्वरूप कार्यस्थल पर एक असुरक्षित, प्रतिरोधी वातावरण का निर्माण होता है जो देश के सर्वांगिक सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी को हतोत्साहित करता है। इसी कमी को वशीभूत करने एवं महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के विरूध्द सुरक्षा प्रदान करने हेतु कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 को 23 अप्रेल 2013 से संपूर्ण भारत वर्ष में लागू किया गया है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। जिसमें 50 प्रतिशत महिला सदस्य होते हैं। कोई भी महिला कार्यस्थल पर अपने साथ हुए शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक उत्पीड़न की शिकायत उक्त आंतरिक शिकायत समिति में तथाकथित घटना घटित होने के 90 दिन के भीतर स्वंय या सहायक के माध्यम से लिखित रूप में दर्ज करा सकती है। आंतरिक शिकायत समिति उत्पीड़न संबंधी समस्त प्रकरणों पर पूर्ण गोपनीयता बनाये रखते हुए शिकायतों की जांच संपन्न करती है और बिना किसी पूर्वाग्रह के अपना जांच प्रतिवेदन नियोक्ता को प्रेषित करती है। यहां तक कि गोपनीयता भंग होने पर पेनाल्टी का भी प्रावधान है। आरोप सिद्ध होने पर नियोक्ता द्वारा आरोपी पर आचरण नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का भी प्रावधान है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा वातावरण निर्मित करना है जिसमें महिलायें बिना किसी डर के अपनी बात रख सके, अपने साथ हुए उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कर न्याय प्राप्त कर सकती है। यह अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं को भय मुक्त वातावरण प्रदान कर देश के आर्थिक, समाजिक एवं राजनीतिक विषयों में उनके सहभागिता को सुदृढ़ करने मे न्यायिक दृष्टिकोण से बेहद कार्यगर साबित हुई है। हमारे यहा प्रचलित पितृ सत्तात्मक समाजिक व्यवस्था के परिणामस्वरूप महिलाओं को न तो समाज में और न ही घर पर वो सम्मान और अधिकार मिल पाता है जिसकी वो हकदार है। उन्हे अपने अस्तित्वों, अधिकारों एवं आकांक्षाओं का बोध होने के लिए भी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वास्तव में लैंगिक संवेदीकरण (Gender Sensitization) के माध्यम से ही महिलाओं की लैंगिक समानता और सुरक्षा प्रदान किया जाना संभव होगा। इस प्रयोजन के प्राप्ति हेतु हम सभी को सामाजिक संरचना एवं संगठन के मूलभूत विचारों मे आधारभूत परिवर्तन एवं परिपक्ता लाने की नितांत आवश्यकता है।



**मनीषा डे**
कल्याण अधिकारी

# प्राथमिकता



**चंचल मिश्रा**
दुर्ग

आज आईने में खुद को इतने वर्षों बाद आरती ने पहली बार ध्यान से देखा चेहरे पर उम्र के निशां साफ़ तौर पर दिखाई दे रहे थे बाल लगभग पूरे सफ़ेद हो चुके थे और वो गोरा रंग भी अब कुछ श्याम पड़ गया था। जिंदगी की आपधापी में कैसे इतने वर्ष बीत गए पता ही नहीं चला। खुद को निहारती वो अतीत में खो गयी। कैसे वो नई नवेली दुल्हन बनकर इस घर में आई थी उसे सजना संवरना कितना अधिक पसंद था रंग बिरंगी चूड़ियां बिंदिया साड़ियां ना जाने क्या-क्या। लेकिन जैसे जैसे वो गृहस्थ जीवन मे आगे बढ़ती गयी और खुद को केवल परिवार के लिए ही समर्पित करती चली गयी सबकी जरुरतों का ख्याल रखना और घर की सारी जिम्मेदारियों को उसने बखूबी निभाया लेकिन खुद के लिए समय देना उसे अब बेमानी लगने लगा था। बच्चों पति और अन्य लोगों का ध्यान रखते रखते वो अब खुद का ध्यान रखना भूल चुकी थी उसे बस लगता मेरा परिवार ही मेरी प्राथमिकता है और उनका ध्यान रखना मेरा अहम् कर्तव्य है। परन्तु आज उसे अपनी इस हालत को देखकर अफसोस हो रहा था बच्चे भी अब बड़े हो चुके थे, और सभी अपने में व्यस्त थे। उसे लगा की खुद का ध्यान रखना और अपनी जरूरतों का ख्याल रखना कितना जरूरी है, खुद से प्यार करना जिंदगी का एक अभिन्न अंग है, जिसे नजरंदाज करके हम खुद को खो देते हैं। उसने आलमारी से निकाल तुरंत अपनी प्यारी साड़ी, चूड़ियां पहनी और कानों में झुमके डाले आँखों में काजल लगा लिया और अपनी प्यारी सहेली को फोन करके तैयार होने को कह दिया और लंच पर बाहर चलने का न्यौता दिया। पर्स टांग कर आईने मे खुद को दोबारा देखकर मुस्कुराती हुई वो निकल गयी। खुद की तलाश में सही मायनों में उसने आज खुद से प्यार करना सीख लिया। उसे लग रहा था आज का दिन ही क्यूं महिला दिवस के नाम हो साल का तो हर दिन महिला के ही नाम है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च पर विशेष

# पोस्ट कोविड परिणाम और बचाव के उपाय

हम कोविड 19 की वैश्विक महामारी से पिछले तीन साल से जूझ रहे हैं। हमारा युद्ध आज भी जारी है क्योंकि कोविड-19 के वायरस के बारे में पहली बार 2019 में जानकारी सामने आई, चिकित्सा जगत को भी अभी इस वायरस की सम्पूर्ण जानकारी नहीं है। निरंतर नई जानकारियां सामने आ रही है।




**डॉ. अल्का गोले**
अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी


अभी तक के अनुभव से जो तथ्य प्रकाश में आए हैं, उन्हें आपके समक्ष लाने का यह छोटा सा प्रयास है। यद्यपि कोविड 19 से कोई भी व्यक्ति संक्रमित हो सकता है, परंतु बुजुर्ग व्यक्ति और बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए यह संभावना ज्यादा होती है ऐसे मरीजों के लिए ही पोस्ट कोविड-19 परिणाम ज्यादा नुकसानदायक साबित और कभी कभी जानलेवा होते है इसलिए हमें इसके बारे में जानकारी रखने आवश्यक है।

### अभी तक जो पोस्ट कोविड 19 परिणाम सामने आए हैं उनमें से कुछ इस प्रकार है-

1. Long Covid - कोविड 19 सामान्यतः 2 सप्ताह में ठीक हो जाता है। पर कुछ मरीजों में तीन सप्ताह के बाद भी खांसी अथवा अत्यंत थकान व कमजोरी बनी रहती है। इनको Long Covid- श्रेणी में रखा जाता है। कुछ नियमित पौष्टिक आहार और नियमित Supplements व्यायाम से इसका इलाज हो सकता है।
2. **श्वास फूलना** - जिन मरीजों को इलाज आई.सी.यू. में हुआ है उनमें से कुछ मरीजों को इस प्रकार की समस्या आ सकती है। कभी-कभी मामूली लक्षण वाले मरीजों को भी यह समस्या हो सकती है। नियमित भाप लेना प्राणायाम व अन्य श्वसन संबंधी अथवा मॉर्निंग वॉक करना इसका इलाज है तथा डॉक्टर से नियमित परामर्श लेना भी आवश्यक है।
3. **मधुमेह/उच्च रक्त चाप का नियंत्रण गड़बड़ाना-** जो मरीज मधुमेह अथवा रक्तचाप से पीड़ित है उनमें कोविड 19 संक्रमण होने की संभावना अधिक रहती है। जो दवाईयां मरीज की जिंदगी बचाने के लिए प्रयोग होती है उनसे भी शर्करा का लेवल बढ़ सकता है। इस लिए मधुमेह और रक्तचाप के मरीजों को विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता है और कोविड संक्रमण से अपना बचाव करना आवश्यक है। यह भी देखा गया है कि कुछ मरीजों में कोविड संक्रमण ठक होने के कुछ दिन बाद मधुमेह और रक्तचाप की शुरूआत होती है। अतः इसके बारे में भी सतर्क रहना आवश्यक है तथा समय समय पर जांच कराना आवश्यक है।
4. **Brain Fog और अन्य मानसिक समस्याएं**- यह सबसे महत्वपूर्ण परिणाम है क्योकि ज्यादातर लोग इसकों दुर्लक्षित करते है और डॉक्टर से इस बारे में चर्चा करने से चूकते है। कुछ मरीजों में यह देखा गया है कि वह कोविड 19 के संक्रमण ठीक होने के बाद भी अपने काम में ध्यान केंद्रित करने में अथवा निर्णय लेने की क्षमता में कमी महसूस करते है अथवा चक्कर आने की समस्या से जूझते है। कोविड 19 महामारी के बाद बदला हुआ सामाजिक परिवेश तथा कुछ दिनों के लिए Isolation में रहने के कारण लोगों को अक्सर मानसिक तनाव और डिप्रेशन से जूझना पड़ता है। अतः ऐसे लोगों को समय से मनोचिकित्सक से सलाह लेना अत्यंत आवश्यक है। इसका दुर्लक्षित करना उचित नहीं है। इससे संबंधित व्यक्ति के स्वास्थ्य पर दूरगामी परिणाम होने की संभावना होती है।

उपरोक्त सभी बिंदुओं की जानकारी हमारे लिए आवश्यक है। आइये हम ले कि हम कोविड 19 के साथ अनुकूल व्यवहार हमेशा करे। इस कोविड 19 के अनुकूल व्यवहार का तात्पर्य है कि भीड़ भरी जगहों पर जाने से बचना, उचित तरीके से मास्क का प्रयोग करना, समय समय पर हाथ धोते रहना। यह इसलिए भी आवश्यक है कि कोविड 19 के वायरस निरंतर अपना स्वरूप बदल रहे हैं इसलिए हमें सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। अगर दुर्भाग्य से हमारे परिवार के सदस्य कोविड 19 से पीड़ित हो गए हैं तो हमाराण् हमारे परिवार के सदस्यों को विशेष रूप से ध्यान रखकर स्वस्थ्य रहे।

## अपराजिता

इंद्रधनुष के रंगों सी तू
सुशोभित कोई सीरत है
तेरी गरिमा से तू रोशन
तू ममता की मूरत है।
दयालु भाव तेरे है लेकिन
तुझमें चंडी का भी स्वरूप
इंद्रधनुष के रंगों सी तू
सुशोभित कोई सीरत है

लाल रंग से सजी हुई तू
सुंदरता परिपूर्ण है
मांथे पर बिंदिया, मांग में सिंदूर
सोलह श्रृंगार से तू सुसज्जित है
विवाहिता तू, पतिव्रता तू
तू ही सीता का स्वरूप है
इंद्रधनुष...

नारंगी से रंगी हुई तू
सौम्यता की मिसाल है
घर की ईंटों की भांति तू
संपूर्ण करती परिवार है
गर संकट कोई घिर आए तो
तू जल उठे जैसे कि मशाल
इंद्रधनुष...

ओढ़ कर रंग पोला तू
हल्दी की भांति सजती है
चाहे तू पढ़ या ना तू पढ़
सरस्वती सी विद्वान तू लगती है
पाठ पढ़ाती सही गलत का
विद्या तुझमें बसती है।
हरियाली सी खिलखिलाती
सुनहरे कनक की भांति है
महकते फूलों की ही तरह
साश वातावरण महकाती है तू
तू है आज की जागरुक नारी
धरती की रखवाली है
इंद्रधनुष...

इरादा रखती आसमान छूने का
थोड़ी तो मतवाली है तू
बुलंद हौसला और दृढ़ निश्चय
लगती दुर्गा की भांति है तू
आगे बढ़ती रहती निरंतर
अडिग अविचल नारी है तू
इंद्रधनुष...

नीर सा शीतल मन तेरा
नीले रंग में और खिल जाती है तू
सागर की गहराईयों तक
मनन कर फैसले लेती तू
सबकी उलझन दूर करे
ऐसी गंगा स्वरूप है
इंद्रधनुश के रंगों सी तू
सुशोभित कोई सीरत है
अधिकार में दिये की भांति
प्रज्जवलित रोशनी है तू
हल्के बैंगनी आकाश में
टिमटिमाता सितारा है तू
सात सुरों का संगम है
तू हर मौसम की सरगम है
इंद्रधनुष...


**अनुप्रिया गढ़वाल**
सहायक प्रबंधक (मा.सं.)


## नारी होना गौरव की बात




**मोनिका शर्मा**
दुर्ग


नारी होना है गौरव की बात।
जननी बनकर कर देती है,
घर में खुशियों की बरसात।
वंश वृद्धि तो करती है,
बच्चों में संस्कार भरती है।
कभी हृदय में कोमलता लिए,
बच्चों में ममता लुटाती है।
तो कभी काली मां जैसी शक्ति बन ,
अत्याचार पर वार करती है।।
बदल रहा है अब समाज,
मां-बाप को लगती बेटी सिर का ताज।
लड़के-लड़की में अब भेद नहीं,
समान अवसर मिलने से हर नारी खुश है आज।
अरमानों के पंख लिए,
आकाश में उड़ना चाहती है।
हर क्षेत्र, हर राह में,
बेहतर वो करना चाहती है।
अपनी जिम्मेदारियों को समझती है,
उन्हें भी पूरा करती है।
संस्कार और मर्यादा का पालन कर ,
समाज में उन्नति के पथ पर बढ़ती है।

# सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार मिला कोरबा पश्चिम यूनिट को



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कोरबा पश्चिम यूनिट को सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार प्रदान किया गया। कोरबा पश्चिम के विस्तार यूनिट में 500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इस वर्ष बेहतर प्रदर्शन के लिए पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने इस यूनिट को तीन लाख रुपए का पारितोषिक प्रदान किया। यह पुरस्कार टीम की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एसीई) **श्री ए.के. दत्ता** ने ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के डगनिया मुख्यालय में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इसमें न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर का पुरस्कार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग डोंगरगांव को दिया गया। कार्यपालन अभियंता (ईई) **श्री प्रकाशचंद्र साहू** ने यह सम्मान प्राप्त किया।





इसी तरह न्यूनतम लाईन लॉस बनाए रखने के लिए पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग भानुप्रतापपुर को प्रदान किया गया। कार्यपालन अभियंता **श्री डीआर ऊर्वशा** ने यह पुरस्कार टीम की ओर से ग्रहण किया। सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग कुरुद को प्रदान किया गया, जिसे कार्यपालन अभियंता **श्री भोलेश्वर प्रसाद** ने प्राप्त किया।







इसी तरह ट्रांसमिशन कंपनी में सर्वोत्तम पारेषण संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (अति उच्च दाब-निर्माण) संभाग रायपुर प्रदान किया गया। कार्यपालन अभियंता **श्री उमाकांत यादव** ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

इसमें सुरक्षा व सतर्कता विभाग के सिपाहियों को भी पुरस्कृत किया गया। बेस्ट टर्नआऊट के लिए मुख्य सुरक्षा सैनिक श्री गजानंद साहू तथा निजी सुरक्षा सैनिक श्री कृष्णा राजपूत, श्री पंकज वर्मा व नरोत्तम निषाद को सम्मानित किया गया। सुरक्षा निरीक्षक श्री प्रभुशरण सिंह तथा बैंड मास्टर श्री ताराचंद बेन को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पॉवर कंपनीज के सभी प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा, श्री राजेश वर्मा, श्री हर्ष गौतम, श्रीमती उज्जवला बघेल व श्री एसडी तैलंग तथा कार्यपालक निदेशक श्री मनोज कुमार खरे व मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर श्री ए. श्रीनिवास राव विशेष रूप से उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्री प्रद्युम्न पांडेय ने किया।

## कोरबा पूर्व - नववर्ष मिलन समारोह में संयंत्र की उपलब्धियों की सराहना



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा ने वर्चुअल में अधिकारी /कर्मचारी को संबोधन करते हुये शुभकामनाएं दी। कार्यपालक निदेशक एस.के. बंजारा ने संयंत्र की उपलब्धियों को साझा किया। इस अवसर पर अति. मुख्य अभियंता सर्वश्री चंचल पैकरा, रजनीश जैन, श्रीमती राजेश्वरी रावत, शैलेन्द्र शर्मा उपस्थित थे। मंच संचालन अधीक्षण अभियंता श्री एच.पी.शर्मा एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री अजीत तिर्की व्दारा किया गया।

# चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने किया 16 उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 कर्मियों को पुरस्कृत किया। इसमें राज्य स्तर पर व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए गोल्ड मेडल के साथ 10-10 हजार रुपए प्रदान किये गए।**

## खराब मीटरों को त्वरित बदलकर किया राजस्व में इजाफा

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के बिलासपुर के शहर संभाग पदस्थ जूनियर इंजीनियर **श्रीमती हेमलता प्रधान** को



गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। उन्होंने खराब मीटरों को बदलने के साथ-साथ स्पॉट बिलिंग हेतु मीटर रीडरों को निश्चित समय पर डाटा उपलब्ध कराया जिससे राजस्व वसूली में इजाफा हुआ। उन्होंने वसूली अभियान के तहत निरंतर लाइन विच्छेदन कार्य में अथक परिश्रम का परिचय देते हुए नवंबर-दिसंबर में रिकार्ड वसूली कर बकाया राशि को कम करने का उल्लेखनीय कार्य किया।

## ईएचटी लाइनों को ब्रेकडाउन से बचाया

ट्रांसमिशन कंपनी के ईएचटी (मेन्टेनेंस) संभाग बिलासपुर में पदस्थ लाईन परिचारक श्रेणी-दो **श्री ओमप्रकाश राले** को 220 एवं 132 केव्ही लाईनों को ब्रेकडाउन जैसी विपरीत स्थितियों से बचाने हेतु पुरस्कृत किया गया। उन्होंने 10 अगस्त, 23 सितंबर व 19 अक्टूबर 2021 को विपरीत परिस्थितियों में ईएचटी लाइनों के ब्रेकडाउन को निर्धारित समय में पूर्ण किया, जिससे विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। नियमित रूप से सतर्क रहते हुए अनेक लाइनों को ब्रेकडाउन जैसी स्थिति से बचाने का कार्य किया।



## बिलिंग सिस्टम को बनाया बेहतर

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ईआईटीसी रायपुर सहायक अभियंता **श्री सुशांत फुलझेले** रायपुर ने मीटर



वाचक योजना के स्पॉट बिलिंग मोबाईल ऐप का निर्माण एवं मीडिल वेयर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। उन्होंने मीटर वाचक योजना में निम्नदाब उपभोक्ताओं, घरेलू उपभोक्ताओं के बिलिंग चक्र को सुव्यवस्थित कर मैदानी कार्यालयों में बेहतर बिलिंग प्रणाली तैयार की तथा मानिटिरिंग के लिए एक प्लेटफार्म तैयार किया।

## नक्सल क्षेत्र में त्वरित गति से किया सुधार

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के जगदलपुर के मद्देड़ वितरण केंद्र



में पदस्थ परिचारक श्रेणी-दो **श्री अरविंद कोर्राम** को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विद्युत लाईनों का तत्परतापूर्वक सुधार कार्य के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। उन्होंने दूरस्थ वन क्षेत्र में विद्यमान विद्युत लाइनों का रखरखाव कार्य बेहतर ढंग से किया।

## साफ्टवेयर बनाकर बचाए एक करोड़

ई.डी. (सी. एंड आर.ए.) रायपुर कार्यालय में पदस्थ जनरेशन



कंपनी के अधीक्षण अभियंता **श्री दीपक जोगलेकर** को बिना किसी व्यय के नया साफ्टवेयर तैयार करने के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। उन्होंने बिलों पर सरचार्ज की गणना संबंधी समस्या के निराकरण के लिए साफ्टवेयर बनाया। इसकी लागत 1.2 करोड़ रुपए बताई जा रही थी।

## उपभोक्ताओं के स्पाट बिलिंग को बनाया सुविधाजनक

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ईआईटीसी रायपुर के कनिष्ठ



अभियंता **श्री प्रतीक मिश्रा** को रायपुर बिलिंग मॉड्यूल से समस्याओं के निराकरण हेतु मेडल दिया गया। हेल्पडेस्क सपोर्ट बिलिंग यूजर को प्रदान किया जाता रहा है, जिससे बिलिंग माड्यूल में आ रही समस्याओं की निगरानी कर उनका समाधान किया।

## साफ्टवेयर बनाकर किया इनोवेशन

ट्रांसमिशन कंपनी के सहायक अभियंता **श्री शिवप्रसाद मंडावी** भिलाई को स्वयं रुचि लेकर जीओ गार्मिन



नामक साफ्टवेयर बनाने के लिए पुरस्कृत किया गया। उनके इस साफ्टवेयर से सभी 400 केवी, 220 व 132 केवी उपकेंद्र तथा ईएचटी लाइनों का जीआईएस प्लेटफार्म प्रदर्शित किया। इससे कंपनी को को-आर्डिनेशन समेत अन्य मामलों में काफी लाभ हुआ।

## बचाई तीन करोड़ की क्षति

जनरेशन कंपनी के कोरबा पश्चिम के हसदेव ताप विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता **मोहम्मद शाहिद खान** को



3 करोड़ के उत्पादन क्षति से बचाने के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। उन्होंने 11 दिसंबर को ताप विद्युत संयंत्र के सी.डब्ल्यू पंप-ए में आई खराबी को स्वयं की कुशलता से ठीक किया। यह कार्य भेल (बीएचईएल) भोपाल के इंजीनियरों की मदद के करना संभव नहीं था, उनके तुरंत आने की संभावना भी नहीं थी।

## लाकडाउन के दौरान सजगता से की ड्यूटी

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानव संसाधन कार्यालय में पदस्थ **श्री रमेश मिश्रा** रायपुर को वैश्विक महामारी



कोविड 19 के संक्रमण काल के दौरान काल में लॉकडाउन अवधि में कर्तव्य परायणता के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कोरोना लॉकडाउन के दौरान कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए पूरे समर्पण से कार्य किया तथा कार्यालयीन समय के अतिरिक्त कार्य किया।

## 147 उपकेंद्रों के संचालन का तैयार किया खाका



ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता **श्री एम.के. बंछोर** रायपुर को 147 नग 220 केवी व 132 केव्ही उपकेंद्रों के संचालन व सुरक्षा निगरानी निविदा के लिए उल्लेखनीय कार्य के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। उन्होंने वर्तमान में क्रियाशील तथा भविष्य में संभावित उपकेंद्रों के संचालन का ठेका प्रक्रिया पूर्ण कर आदेश जारी करवाने का उल्लेखनीय कार्य किया।

## बैंक गारंटी राजसात होने से बचाया



जनरेशन कंपनी के सिविल परियोजना-2 में कार्यरत कार्यपालन अभियंता **श्रीमती पारूल निराला** रायपुर को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। उन्होंने कोयला मंत्रालय से आबंटित गिधमुरी पुतरिया कोल ब्लाक के बैंक गारंटी को राजसात होने से बचाने तथा अनुबंध के शर्तों के अनुसार कंपनी के पक्ष को मंत्रालय के समक्ष सजगता से प्रस्तुत किया, जिससे कोल मंत्रालय को रियायत प्राप्त हुई।

## परिचारकों की भर्ती प्रक्रिया की नियमावली किया संपादित



पॉवर होल्डिंग कंपनी के कार्यालय सहायक श्रेणी **श्री सुधीर जी राजिमवाले** को डाटा एंट्री आपरेटर व लाईन परिचारकों की भर्ती प्रक्रिया में उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने डाटा एंट्री आपरेटर, परिचारक (लाइनमेन) तथा तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती प्रक्रिया के मूल नियमों को विस्तृत रूप से संपादित किया।

## निविदा प्रक्रिया को त्वरित गति से किया पूरा



ट्रांसमिशन कंपनी के ईडी निर्माण एवं लाइन संधारण कार्यालय रायपुर के कार्यपालन अभियंता **श्रीमती नमिता देवांगन** रायपुर को लेबर कांट्रेक्ट आधारित विभिन्न निविदा के प्रस्तावों के आदेश जारी करवाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मेडल दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न मैदानी कार्यालयों से प्राप्त प्राक्कलन सहित अन्य प्रस्तावों के अनुमोदन का कार्य किया।

## संविदा भर्ती प्रक्रिया को त्वरित गति से किया पूरा



जनरेशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) में सहायक अभियंता **श्रीमती संगीता सोनी** रायपुर को अत्यंत लगन एवं सतत् प्रयास कर गारे पैलमा कोल माइन हेतु 44 पदों पर संविदा भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने उन पदों पर नियुक्ति प्रदान करवाने में भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

## लेखा प्रशिक्षण में प्राप्त किया प्रथम स्थान



पॉवर होल्डिंग कंपनी के उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) कार्यालय-2 में कार्यरत कार्यालय सहायक श्रेणी-2 **श्री बलवंत वर्मा** ने विभागीय लेखा प्रशिक्षण बैच क्रमांक-आर 01 के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिया तथा आयोजित परीक्षा में 74.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया।



## 44 करोड़ की पेनाल्टी वसूल पहुंचाया कंपनी को लाभ

ट्रेडिंग कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (तकनीकी प्रकोष्ठ) में पदस्थ कार्यपालन अभियंता **श्रीमती कनिका श्रीवास्तव** को स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों से 44 करोड़ रुपए की पेनाल्टी वसूल कर कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# मड़वा- आकृति महिला मंडल ने किया आनंद मेला का आयोजन

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के बसंतपुर आवासीय परिसर में आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्याणी बिजौरा रहीं। उन्होंने स्तुति महिला मंडल एवं वर्किंग वुमन की सहभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे ही मिलजुलकर कार्य करते रहें। आनंद मेला में देहाती बड़ा, केक, मूंगौड़ी, पावभाजी, छोले-भटूरे, गुलाब जामुन, जलेबी, पुलाव, दाबेली, स्वीटकार्न, चाऊमीन, मंचूरियन, इडली, डोसा, चाय, कॉफी और पानी स्टॉल शामिल रहे। आंनद मेला में महिलाओं एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।




इसमें विशिष्ट अतिथि मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंतागण सर्वश्री संदीप श्रीवास्तव, राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा, रामजी सिंह, आरजी देवांगन, रजनीश जांगड़े और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी तथा एसटीपीएस कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता एसके कटियार, डीएसपीएम कोरबा पूर्व के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा, केटीपीएस कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता बीडी बघेल, पीजीटीआई कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता पंकज कोले, अधीक्षण अभियंता संजय तिवारी, आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष शशि कोसरिया एवं संकल्प महिला मंडल कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष प्रभा कटियार, प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा, सोनिया बघेल व वंदना कोले की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कोरबा पूर्व- शक्तितोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में दुर्ग चैंपियन



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतरक्षेत्रीय शक्तितोलन एवं शरीर शौष्ठव प्रतियोगिता दुर्ग क्षेत्र चैम्पियन बना। रनरअप ट्रॉफी रायपुर रीजन क्षेत्र ने अपने नाम की।

प्रतियोगिता की मेजबानी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व ने की। 23 से 25 फरवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय रायपुर की टीम ने 08 पदक प्राप्त कर उपविजेता का खिताब हासिल किया। विजयी खिलाड़ियों को पॉवर होल्डिंग कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्ज्वला बघेल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री के.एस. रामाकृष्णा, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव श्री आनंद मोखरी वाल, कार्यालय सचिव डॉ0 हेमंत सचदेवा ने बधाई दी।





## सहायक प्रबंधक श्री जोशी की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी रायपुर में पदस्थ सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) श्री सुभाष सदानंद जोशी की 39 वर्षों की सेवायात्रा के सफलतापूर्वक पूर्ण कर सेवानिवृत्ति उपरांत कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री संदीप मोदी द्वारा शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में ईडी श्री मोदी ने श्री जोशी की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनकी सेवाओं को अन्य अधिकारियों के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक श्री महेन्द्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में मानव संसाधन विकास मंत्रालय Western Region Mumbai से एक वर्ष का Apprentice प्रशिक्षण का समापन

मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वधान में NATS Western Region Mumbai द्वारा एक वर्ष की शिक्षुताकार्य, केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गुढ़ियारी, रायपुर में संचालन किया गया। प्रशिक्षणार्थीयों ने एक वर्ष में दैनंदिनी कार्यों को अनुशासन के साथकार्य करना सीखा। प्रशिक्षणार्थियों को दोनो फिल्ड/कार्यालय में कार्य किया।उन्होनें तकनीकी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ कार्य करना, सुरक्षा उपकरण जानना/सुरक्षा जोन जानना तकनीकी और कार्यालय के कार्यो की बारीकियों को जाना और सीखा। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण के साथ ही पॉवर कंपनी की महत्ता को जाना और सराहा। प्रशिक्षणार्थियों ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के बाद, उनके व्यक्तित्व में निखार आया और कार्य के प्रति सजगता एवं संवेदनशीलता और बढ़ी है। ग्रेजुएट/डिप्लोमा अप्रेंटिस ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, में एक वर्ष कार्य अनुभव प्राप्त किया।केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान,गुढ़ियारी, रायपुर के द्वारा अप्रेंटिस कार्य का संचालन मुख्य अभियंता श्री ए.के. तिर्की के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एन.डब्ल्यू.हेनरी एवं अधीक्षण अभियंता श्रीमती मधुलिका मिंज के द्वारा सुचारू रूप से कराया गया।



CSPGCL

# उत्तरोत्तर प्रगति के लिए उत्कृष्ट कार्यशैली को अपनायें कर्मी- एमडी श्री बिजौरा

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में बेहतर कार्यशैली के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले रायपुर मुख्यालय में कार्यरत 06 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा ने सम्मानित किया। श्री बिजौरा ने जनरेशन कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए उत्कृष्ट कार्यशैली को अपनाने पर जोर दिया।**



**श्री दीपक कोठारी,** कार्यपालन अभियंता

कार्यालय मुख्य अभियंता (परियोजना) में पदस्थ श्री कोठारी ने ठेकेदार की बैंक गारंटी के नगदीकरण का



कार्य सजगता से किया, जिससे 132 करोड़ रुपए की नगदीकरण हो सका। यह बैंक गारंटी 1x500 मे.वा. कोरबा पश्चिम परियोजना में बी.ओ.पी. के ठेके में ठेकेदार व्दारा सेवा शर्ता को पूरा न करने की दशा प्राप्त की गई।

**श्री समीर निर्मल,** सहायक अभियंता

कार्यालय कार्यपालक निदेशक (सी. एण्ड. आर.ए) में पदस्थ श्री निर्मल को ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर मायएसक्यूएल एवं जावा का प्रयोग कर बिना किसी व्यय के साफ्टवेयर तैयार करने के लिए पुरस्कृत किया गया। साफ्टवेयर बनने से बिलों पर सरचार्ज की गणना देय बिलों की संख्या, विभिन्न तिथियों पर प्राप्त होने वाली राशि एवं



पृथक-पृथक दरों पर होने से सरचार्ज की गणना में कठिनाई होती थी। इस हेतु सैप में सुविधा उपलब्ध नहीं थी एवं नए माड्यूल हेतु सॉफ्टवेयर मात्र की लागत लगभग रू. 1.2 करोड़ बताई गई थी। दायित्वों के अतिरिक्त सॉफ्टवेयर तैयार किया एवं दिसंबर 2021 से यह पूर्णतः प्रयोग में लाया गया।

**श्रीमती मोनिका साहू,** सहायक अभियंता



कार्यालय मुख्य अभियंता (भंडार एवं क्रय उत्पा.) में पदस्थ श्रीमती साहू को सामग्री क्रय प्रकरणों को ई-टेंडरिंग के माध्यम से बनाने व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने हेतु सम्मानित किया गया। इन्होंने अपनी योग्यता और कर्मठता से कार्य करते हुए क्रय प्रकरणों को बिना किसी विलंब अथवा लंबित रखे प्रकरणों को पूर्ण किया जिससे संयंत्र संचालन हेतु आवश्यक पुर्जो की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकी।

**श्रीमती दिव्या मिश्रा,** कार्यालय सहायक श्रेणी दो

कार्यालय कार्यपालक निदेशक (वित्त) में पदस्थ श्रीमती मिश्रा को विशेष दक्षता व सर्तकता के लिए सम्मानित किया गया। इनके व्दारा कोरोना काल वर्ष 2020-21



में लगभग 196 देयक की लंबित राशि 3.20 करोड़ रुपए का भुगतान पारित किया गया, जिसके कारण कंपनी के ठेकेदारों/ सप्लायरों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों को समय-समय पर देयकों का भुगतान हुआ।

**श्री बलवन्त पाटिल,** सहायक अभियंता

कार्यालय कार्यपालक निदेशक, (संचारण एवं संधारण) में पदस्थ श्री पाटिल को गंगरेल जल विद्युत गृह



धमतरी एवं सिकासार जल विद्युत गृह में विशेष प्रबंधन के लिए पुरस्कृत किया गया। इनके व्दारा कोविड महामारी के दौरान उक्त दोनों संयंत्रों में आयी आपातकालीन ब्रेकडाउन की स्थिति के दौरान अपने अनुभव, तकनीकी व प्रबंधकीय ज्ञान तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करते हुए उक्त ईकाइयों से अधिकतम विद्युत उत्पादन प्राप्त किया। जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2020-21 में गंगरेल जल विद्युत गृह से 28.4 मिलियन यूनिट एवं सिकासार जल विद्युत गृह से 9.85 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन हुआ। यह पिछले 6 वर्षों में इस उत्पादन संयंत्रों से अधिकतम विद्युत का उत्पादन है।



**श्री विरेन्द्र पांडे,** भृत्य

कार्यालय प्रबंध निदेशक रायपुर में पदस्थ श्री पांडे को अपने दायित्व का कर्मठता से निर्वहन तथा व्यवहारकुशलता व एवं समय के पाबंद होने पर पुरस्कृत किया गया।

CSPTCL

# खैरागढ़ कुम्ही में 132 के.व्ही. अति उच्चदाब उपकेन्द्र क्रियाशील



प्रदेश के 125 वें अति उच्चदाब खैरागढ़ कुम्ही में 132 के.व्ही. अति उच्चदाब उपकेन्द्र को प्रबंध निदेशक श्री एस.डी. तेलंग व्दारा ऊर्जीकृत किया गया। इसके साथ ही अतिउच्चदाब लाइन की लंबाई 13,390 सर्किट किलोमीटर हो गई है। राज्य निर्माण के समय ईएचटी उपकेंद्रों की संख्या 27 एवं लाइन की लंबाई 5205 सर्किट किलोमीटर ही थी। अवसर पर कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री कैलाश नारनवरे, पी.सी. पारधी, डी.के. चावड़ा एवं टी.के. मेश्राम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। 40 करोड़ रूपये की लागत से खैरागढ़ (राजनांदगांव) के ग्राम कुम्ही में 23.5 किलोमीटर लम्बी 132 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. ठेलकाडीह-खैरागढ़ कुम्ही पारेषण लाईन एवं 13233 के.व्ही. का उपकेन्द्र पूर्ण कर ट्रांसमिशन कंपनी के व्दारा ऊर्जीकृत किया गया। उक्त कार्य अधीक्षण अभियंता, अति उच्चदाब (निर्माण एवं संधारण) वृत्त भिलाई के निर्देशन में पूर्ण हुआ। इस उपकेन्द्र के ऊर्जीकृत होने से खैरागढ़ शहर सहित लगभग 76 गॉव के लगभग बीस हजार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी। अति उच्चदाब उपकेन्द्र कुम्ही खैरागढ़ में 40 एम.व्ही.ए. क्षमता का ट्रांसफार्मर भी ऊर्जीकृत किया गया। नवनिर्मित कुम्ही 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र से मुढ़ीपार, छुईखदान, बैहाटोला, मंडला, बाजार अतरिया, गंडई एवं ईटार फीडर के माध्यम से विद्युत सप्लाई प्रदाय की जायेगी।

राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने बताया उपकेन्द्र के क्रियाशील हो जाने से इन क्षेत्रों में किसी प्रकार का विद्युत अवरोध होने पर सुधार कार्य में कम समय लगेगा। इसके पूर्व खैरागढ़ क्षेत्र में विद्युत प्रदाय गंडई और ठेलकाडीह से 33 के.व्ही. लाईन के माध्यम से किया जाता था। लम्बी लाईन होने के कारण लो वोल्टेज एवं लाईन में व्यवधान की संभावना बनी रहती थी।

इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने में मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री सलिल कुमार खरे, रंजीत घोष, पी.पी.सिंह, सुनील भुआर्य, कार्यपालन अभियंता श्री छगन शर्मा, सर्वश्री अखिलेश गजपाल, एस.के. उइके, श्रीमती बरखा दुबे, एस.के. लोनहारे, एस.के. साहू, रूबी चन्द्राकर, सहायक अभियंता श्री संदीप सोनी, श्री सी.आर. चंद्रवंशी, डॉ. राजेन्द्र हरमुख, हेमंत बारंगे, डी.के. साहू, एस.के. मंडावी, प्रवीण शुक्ला, आकाश सिन्हा, श्रुति ध्रुव, मनीषा सिंह, सुशील कुमार कोड़ापे की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## दुर्ग | विद्युत कर्मियों ने सीखे सुरक्षित ढंग से कार्य करने के तरीके



बालोद संभाग में मैदानी अमलों को सुरक्षा तकनीकों से अपडेट करने हेतु "सुरक्षा संबंधी कार्यशाला" का आयोजन किया गया। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने कहा कि आपकी सुरक्षा आपके परिवार, समाज, कंपनी और आपके स्वयं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए स्वयं की सुरक्षा आपकी पहली जिम्मेदारी होनी चाहिये। जब आप सुरक्षित रहेंगे तभी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर पाएंगे। कार्यशाला में विद्युत कर्मियों को लाइन में कार्य करते समय यह मानकर चलने की समझाइश दी गई कि जब तक आप परमिट लेकर लाइन डिस्चार्ज और अर्थ ना कर लें तब तक लाइन को चालू मानें। क्षेत्र में स्थित दुर्घटना जन्य लाइनों की जानकारी अपने सहायक/कनिष्ठ अभियंता को देकर उनके शीघ्र सुधार हेतु कार्यवाही करने के भी आवश्यक निर्देश दिए ताकि बाहरी व्यक्ति भी दुर्घटना ग्रस्त ना हो। कार्यशाला में उच्चाधिकारियों द्वारा सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफटी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं विद्युत सुरक्षा अधिकारी श्री एच.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री एस.आर. बांधे एवं श्री ए.के.गौराहा, कार्यपालन अभियंता श्री टी.एल.सहारे, सहायक अभियंता श्री एच.के. यादव एवं कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित हुए।

CSPDCL

## बिलासपुर | दुर्घटना रहित कार्यशैली विषय पर हुआ कार्यशाला

बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल के निर्देशानुसार मैदानी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों के लिये दुर्घटना रहित कार्यशैली विषय पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । यह आयोजन कार्यालय, कार्यपालन अभियंता संभाग बिलासपुर, कटघोरा एवं पेण्ड्रारोड के अंतर्गत उपसंभाग व वितरण केन्द्रों के तकनीकी कर्मचारियों के लिए किया गया। जिसमें मैदानी अमले को अति.मुख्य अभियंता श्री पी.के.कश्यप द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करने, एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करने, सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज रॉड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के साथ ही सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करने एवं खराब होने पर उन्हे तत्काल बदलने के निर्देश दिये गये, सुरक्षा उपकरणों के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया।

# मड़वा- अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में 139 अधिकारी कर्मचारी एवं सुरक्षा सैनिक सम्मानित



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में आयोजित 73वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया एवं विशिष्ट अतिथियों के हाथों 139 अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षा सैनिकों को प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता ने सम्मानित होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए पूरी ऊर्जा के साथ दायित्व निर्वहन करने के लिए बधाइयां प्रेषित की। उत्तम कार्य निष्पादन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर मुख्य अभियंता के हाथों मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री एम.के. रायकवार और कार्यपालन अभियंता श्री एन.के. इंगले को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया गया। जबकि 46 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर अतिथियों के हाथों प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया गया। इनमें सर्वश्री नारायण लाल वर्मा, अरविंद साहू, मुकेश कुमार पटेल, इंद्र कुमार धुरंधर, सुरेंद्र कुमार साण्डे, अंकित कुमार पालीवाल, रामेश्वर साहू, अशोक कुमार मिरी, मंगल दास, मनोज कुमार जायसवाल, लक्ष्मीकांत पैकरा, नरेन्द्र कुमार देवांगन, जयकृपाल, तुलाराम पटेल, अरूण कुमार पैकरा, डॉ. विकेन्द्र सिंह, डॉ. सुश्री पल्लवी साहू, सुरेश राठिया, विश्वजीत कुमार राठौर, राजीव शुकतेल, चंद्रशेखर पटेल, सुश्री वंदना शुक्ला, मानबहादुर सिंह, सुनील कुमार वर्मा, उत्तरा आनंद, मोतीचंद टंडन, विवेक कुमार त्रिपाठी, हेमंत सिंह तंवर, विजय पिल्लोड़ा, सुनील कौशिक, श्रीमती अर्चना पांडे, अशोक कुमार चौहान, राकेश ठाकुर, भूपेन्द्र कुमार कन्नौजे, सुश्री प्रीति प्रधान, अनुज तिवारी, सुश्री लोरेन्सिया मिन्ज, दिलीप कुमार तिग्गा, अजय प्रसाद, नीलकमल कुजूर, अम्बिकेश साहू, लोकेश यादव, सुश्री राखी तंबोली, महेश कुमार चेसकर, पवन कुमार, अभिषेक कुमार चंदन शामिल हैं।

## बिलासपुर | छह कर्मी पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर क्षेत्र मुख्यालय तिफरा में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी तथा अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्युत कंपनी एवं बिलासपुर क्षेत्र के विद्युत विकास की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर रीजन के 6 कर्मियों को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने के लिए सर्वश्री अमर सिंह साहू परि.श्रेणी एक (ला.), भरत सिंह मरावी परि.श्रेणी एक (ला.), रविराम कुर्रे परि.श्रेणी एक (ला.), राजू उदय भानू कार्या.सहा.श्रेणी एक, संजीव कुमार राठौर परीक्षण सहा.श्रेणी एक, राजेश कुमार राठौर परि.श्रेणी एक (ला.) को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक से सम्मानित किया गया।




# दर्जन भर से अधिक गांवों के उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली



दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संभाग बेमेतरा एवं साजा के अंतर्गत 33x11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्रों छिरहा सिलघट एवं पिरदा में पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर उन्हें क्रियाशील किया गया । तीनों उपकेंद्रों में पूर्व से स्थापित 1-1 नग पॉवर ट्रांसफरों की क्षमता 3-15 एम.व्ही.ए.से बढ़ाकर 05 एम.व्ही.ए. किया गया। यह कार्य लगभग 87 लाख रुपए की लागत से संपन्न किया गया। परियोजना संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री पी.के. शर्मा ने बताया कि तीनों उपकेंद्रों के पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने से विद्युत उपकेंद छिरहा के अंतर्गत ग्राम छिरहा सहित झांकी (नवांगांव) बिरसिंधी आदि उपकेंद्र सिलघट के अंतर्गत ग्राम सिलघट सहित कुसमी (बेरला) तारालिम आदि एवं उपकेंद्र पिरदा के अंतर्गत ग्राम बारगांव (बलौदी) जमघट एवं चेटवा आदि ग्रामों के किसाानों एवं उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों और पंपों तक उच्चगुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी।यह कार्य दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौराहा कार्यपालन अभियंता (परियोजना) श्री पी.के. शर्मा और उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया।

## दुर्ग | प्रभारी मंत्री व कलेक्टर ने लाइनमेन चंद्रवंशी को किया पुरस्कृत



दुर्ग के बोरसी जोन में पदस्थ लाइनमेन श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर व कलेक्टर नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे ने सम्मानित किया। यह सम्मान पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदान किया गया। साथ ही दुर्ग में मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने क्षेत्रीय स्तर पर छह कर्मियों को सम्मानित किया। क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइन सहायक श्रेणी-दो श्री बिसहत राम वर्मा एवं श्री प्रवीण मेंडे, लाइन सहायक श्रेणी-एक श्री आनंद राम सिन्हा, परिचारक श्रेणी-दो (लाइन) श्री मोरध्वज सोनबरसा, श्री दिनेश कुमार निषाद एवं श्री गौकरण पटेल को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसई श्री एस.आर.बांधे एवं श्री ए.के.गौराहा उपस्थित थे। संचालन प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर एवं आभार प्रदर्शन अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम ने किया।

## गुढ़ियारी | बेहतर कार्य करने वाले पुरस्कृत

गुढ़ियारी स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक (रायपुर शहर क्षेत्र) श्री जे. एस. नेताम ने तिरंगा फरहाया। मुख्य अभियंता (रायपुर ग्रामीण) श्री राजेन्द्र प्रसाद ने अध्यक्ष के संदेश का वाचन किया। समारोह में रायपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उत्कृष्ट पुरुस्कार हेतु चयनित कर्मियों सर्वश्री संतोष कुमार दुबे सहायक अभियंता (सिविल), शिव कुमार साहू-परिचारक श्रेणी- एक दिनेन्द्र कुमार वर्मा परिश्रेणी- दो (ला), पुनीराम सोनवानी-लाईन परिचारक (सविदा) विजयानद साहू-परिचारक श्रेणी- एक (ला) सुरेश कुमार वर्मा परि श्रेणी- एक (ला), अर्जुन दास साहू-लाईन सहा. श्रेणी-2, मंशाराम निषाद-लाईन सहा श्रेणी- दो, राम सिंग पाटिये- लाईन सहायक वर्ग-दो., गोकुल राम साहू- परिश्रेणी- एक (ला.), राम लाल वर्मा लाईन सहा श्रेणी- दो, टेकेश्वर सोनकर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को पदक और प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अति. मुख्य अभियंता श्री अविनाश सोनकर, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री ए. एन. दुबे. अशोक खण्डेलवाल, महेश ठाकुर



डीडी चौधरी तथा डॉ. विवेक गोले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री हरीश जांगड़े ने किया।

## राजनांदगांव | मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने किया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व मुख्य अभियंता श्री टी. के. मेश्राम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे के समक्ष अपना शीश झुकाया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों सर्वश्री कन्हैया लाल निषाद, विदेशी राम गोंड़, गौतम साहू, राजेन्द्र कुमार कोरटिया, संतोष कुमार देवांगन को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में अधीक्षण अभियंता श्री रंजीत कुमार घोष, श्री सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता, श्री एन.के. गुरूपांचयन, श्री ए.डी. टण्डन, श्री आर.के. गोस्वामी, श्री यु.पी. वर्मा, श्री बीरबल उइके सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

# गणतंत्र दिवस

## कोरबा (पूर्व) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत गृह रहा रनर अप



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. बंजारा ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। श्री बंजारा ने कहा कि ऊर्जा उत्पादन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व 250 मेगावाट से 500 मेगावाट श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर "Excellence In Energy Efficiency" Award-2021 में रनर अप घोषित किया गया। इसके साथ ही संयंत्र की इकाई क्र. 02 जो 504 दिन से लोड पर था वह भी बिना बॉयलर ट्यूब लिकेज सतत् संचालन पर है। डी.एस. पी.एम. व्दारा 19.97 करोड़ अर्जित किया गया। संयंत्र का न्यूनतम तेल खपत 0.096 ML/KWH रहा, जो कि अब तक का सबसे न्यूनतम तेल खपत है। इस अवसर पर मुख्यालय की अनुशंसा पर श्री संजीव कंसल अधीक्षण अभियंता, श्री गोवर्धन सिदार, मुख्य रसायनज्ञ एवं श्री अजय जोशी कार्यपालन अभियंता को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। स्थानीय स्तर पर 44 अधिकारियों/कर्मचारियों प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह दिया गया। साथ ही 40 ठेका कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह के साथ समृद्धि प्रोत्साहन दिया गया। विभागीय तौर पर संयंत्र के 07 समूहों को अवार्ड दिया गया। मंच संचालन अधीक्षण अभियंता श्री एच. पी. शर्मा एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह ने किया।



## जगदलपुर | चार कर्मियों को मिला पुरस्कार

जगदलपुर क्षेत्र में कार्यपालक निदेशक श्री एस. के. ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने विद्युत कंपनी व्दारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु दृढ़ संकल्पित होकर पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य संपादन का आव्हान अधिकारियों/कर्मचारियों से किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वश्री मन्तोष कुमार भट्टाचार्य, सुकधर राम नेताम, सिपिटर कुमार रावत एवं जितेन्द्र कुमार ठाकुर को तथा तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर में श्री दिनेश कुमार सिन्हा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस 2022 के अवसर पर (संचा/सधं) संभाग, भानुप्रतापपुर को सबसे कम लाईन लॉस के लिए उत्कृष्ट संभाग चयनित करते हुए 50 हजार रुपए की राशि से कंपनी मुख्यालय में पुरस्कृत किया गया।

## कोरबा | प्रदेश की प्रगति में विद्युत संयंत्रों का अहम योगदान

कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह मुख्य अभियंता श्री बी.डी.बघेल ने तिरंगा फहराया। सुरक्षा सैनिकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। परेड का नेतृत्व सुरक्षा उपनिरीक्षक श्री कमलेश कुमार निषाद के निर्देशन पर श्री पवन कुमार साहू व्दारा किया गया।

इस अवसर पर विद्युत गृह विद्यालय के छात्र-छात्राओं व्दारा राष्ट्रीय गान एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को ऊर्जा बनाने में इस संयंत्र का 50-51 वर्षों का गौरवशाली योगदान रहा है, जिसे भूला पाना संभव नहीं है। 31 दिसम्बर 2020 में कोरबा ताप विद्युत गृह की सभी इकाईयों को सेवानिवृत्त कर दिया गया है। हमारा इस संयंत्र का इतिहास काफी गौरवपूर्ण रहा है, जिसके आप सभी साक्षी है। संयंत्र के बन्द होने के बाद डी. कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है ऐसे समय में सुरक्षा, संरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर 03 अधिकारियों को कंपनी मुख्यालय से प्राप्त स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा स्थानीय स्तर से 15 कर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा 08 समूहों में 40 कर्मियों को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। संचालन वंदना बरेठ एवं आभार प्रदर्शन श्री ए.एस. मरावी ने किया।





# राष्ट्रीय मतदाता दिवस

25 जनवरी



**देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।**



अध्यक्ष श्री अंकित आनंद (IAS)



प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एन.के. बिजौरा



प्रबंध निदेशक (होल्डिंग) श्रीमती उज्जवला बघेल



प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री हर्ष गौतम



प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग) श्री राजेश वर्मा



प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री एस.डी. तेलंग



दुर्ग- मुख्य अभियंता



जगदलपुर - कार्यपालक निदेशक

# CIVIL ENGINEERING & ITS EMERGING TECHNOLOGY



**Yogeshwar Kumar Sinha** (A.E. Civil)

If you are a civil engineer and somebody comes to you and demands you to provide a building with 5 star BEE (Bureau of Energy Efficiency) rating, same as Refrigerator, TV, AC, water heater or other similar electrical equipments. Is it possible?

I say yes, now it is possible. The new concept called "Green Building", a 'Green' building is a building that, in its design, construction or operation, reduces or eliminates negative impacts, and can create positive impacts, on our climate and natural environment. Green buildings preserve precious natural resources and improve our quality of life.

There are a number of features which can make a building 'Green'. These include:- 1. Efficient use of energy, water and other resources, 2. Use of renewable energy, such as solar energy, 3. Pollution and waste reduction measures and the enabling of re-use and recycling, 4. Good indoor environmental air quality, 5. Use of materials that are non-toxic, ethical and sustainable, 6. Consideration of the environment in design, construction and operation, 7. Consideration of the quality of life of occupants in design, construction and operation, 8. A design that enables adaptation to a changing environment.

Any building can be a Green Building, whether it's a home, an office, a school, a hospital, a community centre, or any other type of structure, provided it includes features listed above.

In our Chhattisgarh "Paryavas Bhawan" is the first five-star rated green building situated at Sector - 19 in the Atal Nagar, Nava Raipur. The mega-composite establishment, which houses the set-up of Naya Raipur Development Authority (NRDA), Chhattisgarh State Housing Board and Raipur Development Authority (RDA).

"The Green Rating for Integrated Habitat Assessment (GRIHA) has conferred a five-star rating to this building constructed in Nava Raipur where the concept of environment-friendly development has been the standard norm strictly followed". A 200 KW solar power plant has been set up along with sufficient provision for rain water harvesting. Ample space for parking of over 250 four wheelers and two-wheelers exist in the premises of the newly constructed Bhawan.

Bureau of Energy Efficiency(BEE) has took up various policy and regulatory initiatives to enhance energy efficiency of building sector namely ECBC (Energy Conservation Building Code), support for energy assessment & retrofitting process and voluntary star rating programme for commercial buildings. BEE proposed ambitious targets for the 12th plan period, i.e. 75% of all new starts of commercial buildings are ECBC compliant by the end of the 12th plan period and 20% of the existing commercial buildings reduce their energy consumption through retrofits.

The ECBC was developed by the Govt. of India for new commercial buildings on 27th May 2007, which is revised in 2017, 2020 and 2021. ECBC sets minimum energy standards for commercial buildings having a connected load of 100kW or contract demand of 120 KVA and above. While the Central Government has powers under the EC Act 2001, the state governments have the flexibility to modify the code to suit local or regional needs and notify them. Presently, the code is in voluntary phase of implementation. About 22 states are at various stages of mandating ECBC, wherein most of building construction activities are happening across the country. Chhattisgarh has also their own Energy Conservation Building Code in draft/developing stage, based on Central Government ECBC, and will be implemented soon.

## कोरबा पूर्व | ताप विद्युत गृह से तीन कर्मी सेवानिवृत्त



डी.एस.पी.एम. ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में तीन कर्मियों को सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। अधीक्षण अभियंता श्री राजेन्द्र लकरा, वरि.पर्यवेक्षक श्री नेस्तोर एक्का एवं कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री रामेश्वर प्रसाद देवांगन सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री चंचल पैकरा अति.मुख्य अभियंता (एस.एण्ड.एस.सी.), श्रीमती अंजलर कुजूर,श्रीमती राजेश्वरी रावत एवं श्री शैलेन्द्र शर्मा ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इसमें अधीक्षण अभियंता एल.एल.सूर्यवंशी,आर.पी टंडन,आर.एन.पटेल सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिलासपुर | अति उच्चदाब उपकेन्द्र बिरकोना से नया 33 केव्ही फीडर उर्जीकृत



उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत की आपूर्ति करने हेतु 132 केव्ही उपकेन्द्र बिरकोना से एक नए फीड़र अरपा ग्रीन का निर्माण किया गया । इस फीड़र के उर्जीकरण से ग्राम सेंदरी, रमतला, बिरकोना, देवनगर, पौंसरा, भरारी एवं अरपा ग्रीन के लगभग 5500 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

वर्तमान में सेंदरी फीडर को 132 केव्ही उपकेन्द्र बिरकोना से सिंगल सप्लाई से विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। नयी 33 केव्ही लाईन बन जाने से उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि नए फीड़र के माध्यम से सप्लाई शूरू होने से कृषक पंप एवं घरेलू उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। श्री पटेल ने अधीक्षण अभियंता श्री सतीश दुबे, कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी, श्री सुरेश जांगड़े, सहायक अभियंता श्री हरीश कुर्रे एवं अन्य कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# रोमांचक फाइनल मैच में रायपुर रीजन बना विजेता





छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 19 फरवरी तक रायपुर में किया गया। इसमें रायपुर रीजन की टीम विजेता रही। कोरबा पूर्व की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच भारी रोमांचक रहा, अंतिम गेंद में कोरबा पूर्व की टीम ने स्कोर बराबर कर मैच टाई करा दिया था, सुपर ओवर में रायपुर रीजन टीम विजयी हुई। प्रबंध निदेशकगण श्रीमती उज्जवला बघेल, श्री हर्ष गौतम एवं श्री एनके बिजौरा ने सभी विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया।

छह दिन से चल रहे छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच डगनिया स्थित मैदान में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक (होल्डिंग) श्रीमती उज्जवला बघेल ने कहा कि मैदान में खिलाड़ी ऊर्जा से परिपूर्ण होते हैं, लेकिन आज के फाइनल मैच के रोमांच ने दर्शकों को भी उत्साह से भर दिया। प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री हर्ष गौतम ने कहा कि खेल में सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया, दोनों ही टीमों को विजेता कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एनके बिजौरा ने कहा कि अपने दायित्व के अलावा कर्मी पूरी ऊर्जा से खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं, यह दूसरों को बेहतर कार्य एवं खेल भावना के लिए प्रेरित करेगा।

अतिथियों ने विजेता टीम के कप्तान महेश ठाकुर व उपविजेता टीम के कप्तान श्री सरोज कुमार राठौर सहित सभी खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान किया। फाइनल मैच में मैन आफ द मैच रायपुर रीजन के श्री आनंद वर्मा रहे। पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब श्री नितिन सैमुएल व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज श्री लवनीत सिन्हा को दिया गया। रायपुर रीजन टीम के श्री गौरव डोंगरे को मैन आफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। समारोह में कोरबा पूर्व के खिलाड़ी श्री सुरेश क्रिस्टोफर को क्रिकेट में दीर्घ सेवा के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया। फाइनल मैच को रोमांचक बनाने के लिए श्री योहान नायक एवं श्री एन. बिम्बीसार को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री एमएस चौहान, छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव श्री जीएस मूर्ति, क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री जेएस नेताम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन केंद्रीय क्रीड़ा सचिव श्री आरके बंछोर ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन प्रतियोगिता प्रभारी अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा ने किया।



## नेशनल खेलने 30 खिलाड़ियों का चयन

अखिल भारतीय अंतरराज्यीय विद्युत मंडलीय क्रिकेट स्पर्धा के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने 30 खिलाड़ियों को चुना है। ये खिलाड़ी आगामी महीने में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। (छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने डगनिया स्थित मुख्यालय में आयोजित समारोह में चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी के कर्मियों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को नेशनल खेलने चुना गया है। )

| | |
|---|---|
| गौरव डोंगरे | रायपुर |
| नितिन सेमुएल | रायपुर |
| महेंद्र नेताम | अंबिकापुर |
| विजित सोरी | कोरबा |
| तुषार स्वामी | रायपुर |
| कोमल साहू | राजनांदगांव |
| शैलेंद्र पैकरा | कोरबा पूर्व |
| महेश ठाकुर | रायपुर |
| आनंद वर्मा | रायपुर |
| लोकनाथ नेताम | अंबिकापुर |
| दिलीप यादव | रायपुर |
| संदीप बघेल | कोरबा पूर्व |
| प्रवीण तिर्की | जगदलपुर |
| ओंकार वर्मा | रायपुर |
| एहतेशाम उल हक | रायपुर |
| सरोज राठौर | कोरबा पूर्व |
| रोहित वर्मा | रायपुर (केंद्रीय) |
| लवनीत सिन्हा | रायपुर |
| राजेश यादव | अंबिकापुर |
| शैलेष चौधरी | कोरबा पूर्व |
| मनीष खत्री | अंबिकापुर |
| योहान नायक | रायपुर |
| एन. बिम्बिसार | रायपुर |
| शशांक कर्महे | कोरबा पश्चिम |
| दिनेश मेश्राम | मड़वा |
| सुधाकर प्रसाद | कोरबा पूर्व |
| विकास तिवारी | बिलासपुर |
| विनोद कुमार शुक्ला | अंबिकापुर |
| कमल सिंह भारती | जगदलपुर |
| रमाकांत वैष्णव | रायपुर |
| आनंद मोकरीवाले | रायपुर (अतिरिक्त खिलाड़ी) |

# कुर्यात् सदा मंगलम्

## अंकिता संग समृद्ध



जांजगीर - अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में पदस्थ कार्यपालन अभियंता (सिविल) श्री चिंतामणी तिवारी की सुपुत्री सौ. का. अंकिता तिवारी का विवाह रायपुर निवासी एवं विद्युत उत्पादन कंपनी में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री राकेश शर्मा के सुपुत्र चि. समृद्ध शर्मा के साथ 7 दिसंबर 2021 को सोल्लास संपन्न हुआ। हार्दिक बधाई...

## श्वेता संग अक्षित




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) कार्यालय में पदस्थ अनुभाग अधिकारी श्री रामकृष्णा मंत्ररत्नम् की सुपुत्री सौ.का. श्वेता का शुभ विवाह श्री गुलशन महाजन के सुपुत्र चि. अक्षित के साथ 23 जनवरी 2022 को बटाला (पंजाब) में तथा आशीर्वाद समारोह भिलाई में 06 फरवरी 2022 को सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई ...

## आरती संग श्याम



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक (वितरण) कार्यालय में कार्यरत श्री रामदरस पटेल की सुपुत्री सौ.कां. आरती पटेल का शुभ विवाह ग्राम सोनवरसा (जिला रीवा) निवासी श्री राधेश्याम पटेल के सुपुत्र चि. श्याम पटेल के संग दिनांक 21 नवम्बर 2021 को रीवा में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई ...

## कृतिका संग डॉ. अभिषेक



छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी में कार्यरत अधीक्षण यंत्री श्री प्रदीप कुमार वर्मा एवं छत्तीसगढ़ राज्य वितरण कंपनी में कार्यरत अधीक्षण यंत्री श्रीमती रश्मि वर्मा की सुपुत्री डॉ. कृतिका वर्मा का शुभ विवाह श्री जसवीर सिंह के सुपुत्र डॉ. अभिषेक सिंह के साथ 1 दिसंबर 2021 को रायपुर में संपन्न हुआ। शुभकामनाएं...

# महिलाएं बढ़ रही है अपना नाम गढ़ रही है

विश्व पटल पर जब महिलाओं की भागीदारी और योगदान की बात करें तो महिलाओं का पारिवारिक और समाज निर्माण में हमेशा अहम भूमिका रही हैं। रीति-रिवाजों को पिरो कर रखने, धार्मिक कार्यों की थाल सजाने से पूजा अर्चना करने तक, बच्चों में संस्कार के बीज डालने व सामाजिक जागरूता अभियान मे हिस्सा लेने में हमारे देश की महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। हर दशक में क्रांति लाने वाली महिलाओं का नाम इतिहास में इंगित है। रानी लक्ष्मी बाई, सावित्री बाई फूले, आनन्दी बाई गोपाल, मदर टेरेसा, इंदीरा गांधी, जस्टिस एम फातिमा बीबी, रोशनी शर्मा, शीला दावरे, अरूणिमा सिन्हा, रीता फाजिया पावेल, आरती शाह, सानिया मिर्जा, मेरीकोम, तीजन बाई इत्यादि को अपने-अपने क्षेत्र में प्रथम महिला होने का गौरव प्राप्त है।

पिछले एक दशक में भारतीय महिलाओं की पुरूष प्रधान क्षेत्रों में कार्य करने की संख्या में वृद्धि हुई है। गर्व की बात है कि गणतंत्र दिवस 2022 को महिला आफिसर रेफेल पायलट शिवांगी सिंह व्दारा परेड का नेतृत्व किया गया। शिवांगी ने इंडियन एयरफोर्स की टीम का नेतृत्व किया। इसी तरह श्रम बल क्षेत्र जैसे स्पोर्टस, सेना, पर्वतारोहण, बाईकिंग, आटो/ट्रक चालन, पुलिस, स्टैंड अप कामेडियन, निशाने बाजी, सीनेमेटोग्राफी आदि क्षेत्रों में महिलाएं अपना लोहा मनवा रही है। इसी प्रकार मल्टीनेशनल कंपनी, भारत रत्न कंपनियां वैज्ञानिक संस्थाएं जैसे नासा अदि जटिल क्षेत्रों में महिलाएं न केवल कदम रख रही है अपितु स्फूर्ति के साथ अपना प्रदर्शन कर रही है ।

इसी क्रम में अब तक की नवीन उपलब्धि यह भी रही है कि वर्ष 2022 में भारत की सबसे बड़ी वित्तीय संस्थान (सेबी) की नई अध्यक्ष श्रीमती माधबी पुरी बुच को चुना गया । ग्लोबल अकाउंटिंग फर्म द्वारा सर्वे में भी यह पाया गया कि सीनियर मैनेजमेंट संस्थानों में भारतीय महिलाओं ने 39 प्रतिशत का रिकार्ड दर्ज करवाया, यह निश्चित रूप से महिलाओं के सशक्त होने का प्रतीक है। विश्व महिला दिवस 2022 की थीम (ब्रेक दी बॉयस) में उक्त महिला उदाहरण यह बात को सिद्ध करती है कि महिलाओं में क्षमताओं की कमी नही है, बस उसे पहचानने और निखारने का अवसर देना है। यह तभी संभव है जब हम घर परिवार व समाज में महिलाओं को अनुकुल एवं अच्छा वातावरण दें, उन्हे अवसर प्रदान करें, समय-समय पर सुविधाएं व अधिकार दें, जिससे कि वे आगे बढ सकें ।

हमारे समाज में कहावत है महिला और पुरूष दोनों एक गाडी के दो पहिये है, यानी शानदार सफर के लिए दोनों का योगदान महत्वपूर्ण हैं। महिला हो या पुरूष दोनों में सब कुछ करने की अपार क्षमता छिपी है। किसी भी व्यक्ति की सफलता के पीछे एक दूसरे के पुरक होते हैं जो उसे समय-समय बचाता एवं प्रेरित करता है । हमे अपने जीवन मे भी इस सिद्वांत को अपनाना चाहिए । हम किसी के उत्थान के लिए सपोर्ट सिस्टम बने, सही मायने में यही लैंगिक समानता है।

8 मार्च महिला दिवस का अवसर है । इन शब्दों से उन्हें सलाम करते हुए संपूर्ण समाज से अपेक्षा है कि उनके उलेखनीय कार्यो को प्रेरणा स्त्रोत बनाए एवं भारत की मजबूत नींव स्थापित करें । कुछ पंक्तियॉ भारतीय नारी को समर्पित है



वेश-भूषा तेरी बदल गई
कुरीतियों में न अब जकड़ी गई
समय का पहिया ऐसा घूमा
हर क्षेत्र में बढती गई, अपना नाम गढ़ती गई
कर्त्तव्य पथ पर चलती गई, स्वावलंबी बनती गई

रुढ़ीवादी जंजीरों को तोड़,
मोम से मशाल बनती गई
कितनी बार तू रुलाई गई, सताई गई
अति का अंत अब दूर नहीं
जब जब नारी ने बन्दूक उठाई
जाने कितनों की सामत आई
हे जग जननी तू जान गई
अपने अधिकारों को पहचान गई ।

**विश्व महिला दिवस की सभी को असीम शुभकामनायें ...**

**- अनामिका मंडावी**
सहायक प्रकाशन अधिकारी

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी, डंगनिया, रायपुर**
फोन : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in